## एमपीयूएटी सीएसआर / एमपी / एमएलए निधि से नवाचार–
## (MPUAT- IIIrd Phase)

- नाबार्ड की वृहद वित्तीय सहायता से राशि 9.98 लाख राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, मदार में 5 kw क्षमता के सोलर ट्री की स्थापना की गई। सौर ऊर्जा उत्पादित बिजली मिलने से विद्यालय के विद्युत व्यय में कमी आएगी।
- इण्डिया इंफोलाइन फाउंडेशन, मुम्बई द्वारा सीनियर सैकेंडरी स्कूल, मदार में कन्वेंशन हॉल (संलग्न वॉशरूम के साथ 60x40) के निर्माण हेतु 42.00 लाख अनुमानित लागत राशि की स्वीकृति दी गई।
- राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जयपुर द्वारा माननीय कुलपति के अनुरोध पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मदार के लिए 37050.00 रुपये की लागत RO व एक वाटर कूलर प्रदान किया गया।
- श्री प्रताप लाल गमेती, विधायक, गोगुन्दा द्वारा गर्ल्स स्कूल, मदार में खेल मैदान के चारो ओर चारदीवारी के निर्माण हेतु सीईओ, जिला परिषद को राशि 10.00 लाख रुपये देने की घोषणा की गई।
- आरएसएमएम, उदयपुर द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मदार में फर्नीचर की खरीद के लिए 3.94 लाख रुपये स्वीकृत किए गए तथा दिनांक 14.05.2022 को छात्रों, विद्यालय शिक्षकों एवं ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में 149 स्टूल्स–टेबल्स एवं 4 बड़े आकार की आलमारी विद्यालय के रिकार्ड हेतु प्रधानाचार्य को सौंपे गये।
- इंडिया इंफोलाइन फाइनेंस लिमिटेट, मुम्बई द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मदार की 20 छात्राओं को रुपयें 3500/– छात्रवृत्ति प्रदान की गई तथा विद्यर्थियों के लिए **20 एनड्रोएड टेबलेट्स** (पहले से उपलब्ध कराए गए 30 के अलावा) भी प्रदान किए गए तथा स्थानीय बिजनेस मैन द्वारा अपने पुत्र की स्मृति में सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मदार को **4 कम्प्यूटर सेट** भी दान में दिए गए।
- माननीय कुलपति महोदय द्वारा आगामी खरीफ सीजन के दौरान मक्के की फसल पर 300 परिवारों के साथ प्रदर्शन करने के लिए एक कंपनी को **3.0 लाख** रुपये का एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।
- आईआईएफएल, मुंबई द्वारा 30.00 लाख की लागत का कृषि ड्रोन विश्वविद्यालय को सौंपा गया। ड्रोन का उपयोग युवाओं के अनुसंधान, क्षमता विकास के साथ विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों व स्मार्ट विलेज में किसानों के खेत पर स्प्रे प्रदर्शन के लिए किया जाएगा। इस तरह का राजस्थान में पहला नवाचार है।
- राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मदार में डिजिटल स्मार्ट क्लास रूम सुविधा विकसित करने के लिए मेसर्स जी.आर. इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, उदयपुर से **3.00 लाख** रुपये की स्वीकृति के प्रयास किए जा रहे हैं।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के माध्यम से गाँव मदार में भारत सरकार की परियोजना **'हर घर नल से जल'** को कार्यान्वित करने के लिए ग्रामीणों के साथ अपने हिस्से के 14.00 लाख रुपये का योगदान देने का प्रयास किया जा रहा है।
- गाँव में 250 मक्का प्रदर्शन पर एमपीयूएटी प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने हेतु संसाधन व्यक्ति एवं रेडियों पार्टनर के रूप में **"RANJEET RADIO-A Digital on Tube"** समूहों के साथ पंजाब केसरी मीडिया समूह को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का कुलाधिपति पुरस्कार** : माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा 04.11.2019 को आयोजित ''कुलाधिपति समन्वय समिति'' की बैठक में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय को ''**कुलाधिपति पुरस्कार**'' दिये जाने की घोषणा की गई थी। समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों से राजभवन द्वारा निर्धारित फार्मेट प्रेषित कर सत्र 2020–21 के लिए निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप सूचना प्राप्त कर राजभवन द्वारा गठित कमेटी द्वारा उक्त सूचनाओं का परीक्षण किया जाकर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर को राज्य का प्रथम ''**कुलाधिपति पुरस्कार**'' दिये जान हेतु चयनित किया गया। माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर को सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का ''**कुलाधिपति पुरस्कार**'' प्रदान किया गया।